卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 131 | पृष्ठ 8 | रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | रविवार | 18 फरवरी 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## भू कानून और मूल निवास के लिए हुंकार

कोटद्वार(उद संवाददाता)।मूल निवास और सख्त भू कानून बनाने की मांग को लेकर यहां महारैली निकाली गई। देवी रोड के तड़ियाल चौक, देवी मंदिर,मोटर नगर होते हुए रैली लाल बत्ती चौक बदरीनाथ मार्ग से कोटद्वार तहसील पहुंची। इस दौरान हल्द्वानी में हुई घटना को लेकर 'मूल निवास, भू- कानून समन्वय संघर्ष समिति' ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि अगर प्रदेश में मूल निवास और मजबूत भू कानून लागू होता तो इस तरह की अप्रिय घटना नहीं होती। मोहित डिमरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिन बाहरी तत्वों को प्रदेश की शांति के लिए खतरा बताते हैं




और जिनके खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात करते हैं उन बाहरी तत्वों की पहचान वह कैसे करेंगे ? उन्होंने कहा कि मूल निवास और मजबूत भूमि कानून किसी भी बाहरी तत्व के खिलाफ सबसे असरदार हथियार है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल मंडल के द्वार कोटद्वार से मूल निवास स्वाभिमान आंदोलन का शंखनाद होने जा रहा है। यह धरती क्रांतिकारियों की धरती है। यहां से इस आंदोलन का संदेश पूरे पहाड़ में जाएगा और एक नई क्रांति की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न केवल हल्द्वानी बल्कि तमाम दूसरे इलाकों में भी अवैध अतिक्रमण मौजूद हैं, जिनके खिलाफ सरकार बुलडोजर चलाने की बात कहती है, लेकिन असल समाधान बुलडोजर नहीं बल्कि मजबूत भू-कानून है। डिमरी ने कहा कि सरकार को चाहिए कि प्रदेश में मजबूत भू-कानून सख्ती से लागू कर समस्त भूमि का ब्यौरा जुटाए और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए। समन्वय समिति के सदस्य पार्षद परवेंद्र सिंह रावत, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रमेश भंडारी ने कहा कि सरकार पहाड़ के लोगों के साथ भेदभाव (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेपर मिल के गोदाम में लगी भीषण आग

रुड़की (उद संवाददाता)। नारसन क्षेत्र में स्थित एक पेपर मिल के गोदाम में भीषण आग लग गई। दमकल कर्मियों ने करीब छह घंटों की मशक्कत के बाद आग



पर काबू पाया। अग्निकाण्ड में करीब एक करोड़ से अधिक नुकसान बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक नारसन झबरेड़ा रोड पर स्थित गंगोत्री पेपर मिल में भीषण आग लग गयी। जिससे हड़कम्प मच गया। आग लगने की (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुआवजे के लिए धरना प्रदर्शन

रुद्रपुर। विगत दिवस सिडकुल की एक फैक्ट्री में दीवार तोड़ने के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए श्रमिक की राममूर्ति हास्पीटल में उपचार के दौरान मौत हों गई।रविवार को मृतक के परिजन फैक्ट्री प्रबंधन से मुआवजे की मांग को लेकर अटरिया रोड में पुल के पास धरने पर बैठ गये।



उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र मुआवजा नहीं दिया गया तो फैक्ट्री के आगे धरना शुरू कर दिया जायेगा। परिजनों ने बताया कि मुखर्जीनगर जगतपुरा निवासी 43 वर्षीय संजीत यादव पुत्र भगवानलाल मजदूर अड्डे से राज मिस्त्री का काम करता था। उसे सिडकुल की एक फैक्ट्री का मालिक फैक्ट्री में भवन तोड़ने के काम के लिए ले गया था। जो एक हफ्ते से चल रहाथा। 15 फरवरी को संजीत ने प्रबंधन को कहा कि इस दीवार को मत गिरवाओ तोड़ते समय गिर सकती है। लेकिन प्रबंधन ने जबरदस्ती काम करवाया। जिसके कारण दीवार अचानक संजीत के सिर पर आ गिरी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले जिला चिकित्सालय फिर नगर के एक निजी अस्पताल और फिर राममूर्ति हास्पीटल बरेली ले जाया गया। जहां संजीत की उसी दिन उपचार के (शेष पृष्ठ सात पर)

## चलती कार में भड़की आग

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सिरसा मोड़ से शक्तिफार्म की ओर आ रही कार में अचानक आग लग गयी जिससे हड़कम्प मच गया। सूचना पर दमकल और चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। जानकारी के अनुसार शनिवार रात



गुरुग्राम निवासी सुकुमार विश्वास पुत्र मनोरंजन विश्वास अपने एक मित्र के साथ किच्छा के दरऊ टांडा से सिरसा मोड़ से शक्तिफार्म घर को अपनी रैनाल्ट ट्रेवर कार से आ रहा था। बीच राह सुकुमार विश्वास को कार के डेस्क बोर्ड से कुछ दुर्गन्ध महसूस हुई तो साथी से दुर्गन्ध आने का जिक्र किया। जिसके बाद कार को घेरा फार्म के आस-पास रोक दिया गया। दोनों उतर कर देखने लगे कि अचानक देखते ही देखते कार में आग लग गयी और कार धूं धूं कर जल उठी। नेटवर्क कम होने के कारण बमुश्किल घटना की सूचना चौकी पुलिस और फायर स्टेशन सितारगंज को दी गयी। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी व चौकी पुलिस ने आग को बुझाया। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।साथ ही कार में रखे कार के सभी दस्तावेज भी जलकर राख हो गये।

## धूमधाम से हुआ 42 जोड़ों का सामूहिक विवाह

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु उद्योग व्यापार मंडल द्वारा फुटबॉल मैदान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सातवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन जीवन का आर्शीवाद दिया। वर वधू को आयोजकों द्वारा जन सहयोग से प्राप्त उपहार भी भेंट किए गए। इससे पूर्व गल्ला मंडी में सभी वरों को परिजनों द्वारा सेहरा कैंप मार्ग होते हुए आयोजन स्थल फुटबॉल मैदान पहुंची। जहां रीति रिवाज से सभी वरों का रीति रिवाज के अनुसार उनके ससुराल पक्ष एवं आयोजकों द्वारा से जुड़े गणमान्य अतिथियों ने वर वधू को सुखमय दाम्पत्य वैवाहिक जीवन का आर्शीवाद दिया उनमें सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ, सत्यनारायण चैतन्य जी महाराज, आचार्य राम कुमार शास्त्री, शैलेन्द्र कोली, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, हिमांशु शुक्ला, कैलाश गर्ग, चंदन अग्रवाल, कीमती गर्ग, जितेन्द्र अग्रवाल, अजय बंसल, सुशील अग्रवाल, प्रदीप गोयल, राम चन्द्र शर्मा आदि शामिल थे। वैवाहिक समारोह में भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।







किया गया। जिसमे 41 वर वधू वैवाहिक बंधन में बंधे। सभी को अनेक संत महापुरुषों एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े कई गणमान्य अतिथियों ने सुखमय वैवाहिक बांधने की रस्म अदा की गई। जिसके बाद बैंड बाजे के साथ धूमधाम से बारात प्रारंभ हुई। जो मुख्य बाजार, डीडी चौक, किच्छा बाईपास रोड, झील मोड़, ट्रांजिट स्वागत किया गया। तत्पश्चात गायत्री परिवार द्वारा मंत्रोचारण के साथ सभी वर वधूओं का विवाह संपन्न कराया गया। जिन संत महापुरुषों एवं विभिन्न संगठनों आचार्य,स्वामी शिवानंद जी महाराज, अनंतपुर सत्संग आश्रम की अर्चना बहन जी, कंचन बाईजी, स्वामी बहन जी, दिव्यांशु जी, यशिका, स्वामी नारायण लाल घई, सतीश जैन, राजेश श्यामपुरिया, नरेन्द्र बंसल, गजानन्द बंसल, हरिशंकर अग्रवाल, अर्जुन गुप्ता,नितेश गुप्ता, आनन्द अग्रवाल, संजय ठुकराल, नीरज सभी वर वधूओं को विदाई का समय आयोजकों द्वारा जन सहयोग से प्राप्त उपहार भी भेंट किए गए। आयोजन स्थल पर भजन संध्या (शेष पृष्ठ सात पर)

## ग्राहक सेवा केन्द्र स्वामी से लाखों की धोखाधड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राहक सेवा केन्द्र स्वामी से उसके परिचित ने ही लाखों की धोखाधड़ी कर ली। विपिन रस्तोगी पुत्र भोलेराम रस्तोगी निवासी वार्ड 2. कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि उसने घर में ही रस्तोगी कम्यूनिकेशन एवं ग्राहक सेवा केन्द्र नाम से अपनी अजीविका हेतु दुकान संचालित कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## पांच लाख नहीं देने पर विवाहिता को घर से निकाला

### कोर्ट के आदेश पर कांस्टेबल पति सहित सात के खिलाफ केस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दहेज उत्पीड़न के मामले में कांस्टेबल पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ससुरालियों पर पीड़िता को 5 लाख रुपए की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक चौकी आदर्श कालोनी क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका विवाह 28 नवंबर 22 को विन्दर सिंह पुत्र हरकेश सिंह निवासी ग्राम पैगम्बरपुर, उर्फ शाहपुर, थाना डिडौली, जिला अमरोहा यूपी के साथ हुआ। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ससुराल वाले 5 लाख रुपए की मांग करने लगे। पीड़िता के मुताबिक उस पर सास माया देवी के अलावा रणवीर सिंह,जयवीर सिंह, पुनीत पुत्र हरकेश सिंह,संजना पत्नी जयवीर सिंह और ससुर हरकेश सिंह ने मांग पूरी नहीं होने पर उससे मारपीट शुरू कर दी। मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया गया। बताया कि वह ससुरालियों की प्रताड़ना सहन करती रही। पीड़िता के मुताबिक उसका पति यूपी पुलिस में कांस्टेबल है। धमकी मिलती रही 24 जुलाई 23 को पति ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट की। उसने 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को बुलाया और अपनी जान बचाई। पुलिस वालों के साथ में (शेष पृष्ठ सात पर)

## ये जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

रूद्रपुर। लघु व्यापार मंडल द्वारा फुटबॉल मैदान ट्रांजिट कैम्प में आयोजित सामूहिक विवाह में जो वर वधू परिणय सूत्र में बंधे उनमें मीरगंज बरेली निवासी भूपेन्द्र का विवाह बरेली निवासी आरती से, मिलक निवासी अनुराज का विवाह रूद्रपुर निवासी संगीता से, बरेली निवासी राकेश का विवाह यहीं की निवासी गुंजन से, रूद्रपुर निवासी हृदयेश का विवाह यहीं की निवासी पूजा रानी से, इलाहाबाद निवासी रेखा गुप्ता की विवाह नवाबगंज निवासी विकास से, रूद्रपुर निवासी सोनू का यहीं की निवासी लक्ष्मी से, रूद्रपुर निवासी रवि का यहीं की निवासी पिंकी से, पीलीभीत निवासी नरेन्द्र कुमार का रामपुर निवासी पिंकी से, रूद्रपुर निवासी उदय का यहीं की निवासी अंजली से, बरेली निवासी राहुल का यहीं की निवासी लक्ष्मी से, बरेली निवासी रूम सिंह का पंतनगर निवासी काजल से, बरेली निवासी राजीव का पीलीभीत निवासी माधुरी से, बदायूं निवासी रोहित का यहीं की निवासी निशा से, बहेड़ी निवासी पूजी का (शेष पृष्ठ सात पर)

# राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का संचालन करेगी राज्य सरकार : रेखा आर्य

देहरादून। सरकार ने 350 करोड़ रुपये की लागत से बने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को इसके संचालन के लिए दी गई फर्म से



खाली करा लिया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के निर्देशों एवं खेल विभाग के साथ अनुबंध की शर्तों को पूरा न करने पर सरकार की ओर से यह कार्रवाई की गई है।खेल मंत्री के मुताबिक, स्टेडियम के संचालन के लिए पांच साल पहले फर्म में देहरादून इंटीग्रेटेड अरीना लि. को अधिकृत किया गया था, लेकिन फर्म ने खेल विभाग के साथ अनुबंध में की गई शर्तों को पूरा नहीं किया। फर्म ने विभाग को न तो 12 करोड़ की बैंक गारंटी दी न ही 2.8 एकड़ भूमि को खेल सुविधाओं के लिए विकसित किया।इसके अलावा अनुबंध में की गई कुछ अन्य शर्तों को भी पूरा नहीं किया, जिस पर स्टेडियम को खाली कराकर राज्य सरकार के नियंत्रण में ले लिया गया है। मंत्री ने कहा, इससे राज्य में खेल परिसंपत्तियों के संरक्षण एवं आगामी राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने भी खेल अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।स्टेडियम को निविदा के आधार पर मेसर्स आईटीयूएएल को दिया गया था, जिसने देहरादून इंटीग्रेटेड अरीना कंपनी को निर्मित कर राज्य सरकार के साथ मई, 2018 में अनुबंध किया था। कोविड काल में कंपनी ने स्टेडियम के संचालन के लिए प्रर्याप्त वित्तीय संसाधन के अभाव में दिवालिया घोषित करने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में वाद दायर किया था।एनसीएलटी ने इसके लिए अंशुल पठानिया को आईआरपी नियुक्ति किया था। नवंबर 23 में एनसीएलटी ने मेसर्स ट्राइवर इंटरप्राइजेज के रिजोल्यूश प्लान को स्वीकार करते हुए आदेश जारी किया था, लेकिन फर्म ने न नई संचालन एजेंसी के रूप में राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त किया और न ही मूल अनुबंधी शर्तों के अनुरूप एस्क्रो खाता खोला। एनसीएलटी के निर्णय के बाद अरीना लिमिटेड को अनुबंध के नियमों के पालन के लिए 12 दिसंबर 2023 को अनुबंध की शर्तों के अनुसार नोटिस दिया गया था। जिसका उसने संज्ञान नहीं लिया।

## हर ब्लॉक में आदर्श ओपन जिम का प्रस्ताव तैयार

देहरादून। प्रदेश के युवाओं को खेल विभाग जल्द ही खुशखबरी देने जा रहा है। प्रदेश के हर ब्लॉक में जल्द ही ओपन जिम खुलेंगे, जिसके लिए खेल मंत्री रेखा आर्या ने जल्द शासनादेश जारी कर निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा, कई युवक, महिला मंगल दलों की ओर से उन्हें ब्लॉक में ओपन जिम खोलने के लिए कहा गया था। ऐसे में उनकी ओर से इस दिशा में किए गए प्रयास जल्द ही धरातल पर उतरने वाले हैं। कहा, इन ओपन जिमों से हमारे युवक स्वस्थ होंगे। उन्हें कहीं अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं होगी। युवाओं को वह हर एक सुविधा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है। जिम में एक वर्ष से लेकर वृद्ध उम्र तक के लोगों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

# उत्तराखण्ड एवं स्लोवेनिया के मध्य हुआ एमओयू

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड व स्लोवेनिया के मध्य संरक्षित क्षेत्रों के प्रबंधन एवं पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग हेतु एक समझौता हुआ है। उत्तराखण्ड के फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान व स्लोवेनिया के त्रिग्लाव राष्ट्रीय उद्यान के मध्य सहमति पत्र पर हस्ताक्षर स्लोवेनिया की राजधानी लुबलियाना में हुआ है । मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड एवं स्लोवेनिया के मध्य हुए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर को राज्य की जैव विविधता को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाला प्रयास बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों राष्ट्रीय



पार्कों को यूनेस्को द्वारा विश्व प्राकृतिक धरोहर घोषित किया गया है। इससे निश्चित रूप से वन एवं संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन में उत्तराखण्ड के योगदान को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इस सहमति पत्र के अनुसार दोनों राष्ट्रीय उद्यानों को एक-दूसरे के सिस्टर पार्क का दर्जा दिया जाएगा। दोनों के बीच प्रबंधन के अनुभव साझा करने, प्रचार प्रसार करने तथा वैश्विक स्तर पर वन प्रबंधन में स्लोवेनिया एवं उत्तराखण्ड के बेस्ट प्रैक्टिसेज को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। यह पहला अवसर है जब उत्तराखण्ड ही नहीं बल्कि भारत के किसी संरक्षित क्षेत्र ने विदेश के संरक्षित क्षेत्र के साथ ऐसी कोई सहमति की है।

# चुनाव से पूर्व जनपदों में सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण करें : पुरूषोत्तम

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए पुलिस और आबकारी विभाग के सर्विलांस और चेक पोस्ट स्थापित करने के निर्देश

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम ने शनिवार को सचिवालय में निर्वाचन के दौरान प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर, पुलिस बल एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां करने तथा जनपदवार पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती एवं केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती के संबंध में विस्तृत होमवर्क कर लिया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने प्रदेश में समस्त जनपदों से जारी हथियार लाइसेंस धारकों की सूची का पुनरीक्षण कर उनका सत्यापन करने के निर्देश दिए। सीईओ ने संबंधित विभागों को इंटर स्टेट मॉनिटरिंग और इंटर डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग का भी फुलप्रूफ प्लान तैयार करने, हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर की सूची तैयार करने और केंद्रीय पुलिस बलों के कैंप के लिए प्रस्तावित स्थलों पर



मूलभूत व्यवस्थाओं के प्रबंध के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इंटर स्टेट मॉनिटरिंग और इंटर डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग का भी फुलप्रूफ प्लान तैयार कर प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस और आबकारी विभाग के सर्विलांस और चेक पोस्ट अलग-अलग स्थानों पर स्थापित करने के निर्देश भी दिए। पुलिस विभाग द्वारा बैठक में बताया गया कि प्रदेश में जनपदवार पुलिस बल की तैनाती, केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती, संवेदनशील स्थानों एवं प्रवर्तन संबंधित एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। आबकारी विभाग द्वारा बताया गया कि प्रदेश में चुनाव को देखते हुए प्रवर्तन एवं मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं जिसमें 24 घंटे प्रत्येक जनपद की मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में पुलिस निर्वाचन स्टेट नोडल अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. निलेश आनंद भरणे, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल समेत आबकारी विभाग व अन्य विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोलियो की वैक्सीन से वंचित न रहे कोई बच्चा

चंपावत( उद संवाददाता)। आगामी 03 मार्च को राष्ट्रीय पल्स पोलियों प्रतिक्षण दिवस को लेकर अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा ने चिकित्सा,शिक्षा, बाल विकास के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी 0-5 वर्ष का बच्चा पोलियो की बूंद से वंचित न रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी केकेअग्रवाल में बताया कि जनपद में 0-5 वर्ष के बच्चों की संख्या 24990 है। जिसमें विकासखंड चंपावत में 6144, टनकपुर बनबसा में 7202, लोहाघाट में 6398, पाटी में 3463, बराकोट में 1783 बच्चे हैं। प्रत्येक विकासखंड के लिए नोडल




अधिकारी नियुक्त कर दिए है। जनपद में वर्तमान तक कुल 270 बूथ बनाए गए है। आगामी 03 मार्च को राष्ट्रीय पल्स पोलियों प्रतिरक्षण दिवस के अवसर पर पर्वतीय क्षेत्रों में प्रथम दिन बूथ पर तथा अगले दो दिन घर घर एवं मैदानी क्षेत्रों में प्रथम दिन बूथ पर तथा अगले छः दिनों तक घर घर जाकर बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाई जायेगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी केके अग्रवाल, सीओ विपिन चंद्र पंत, एसीएमओ इंद्रजीत पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बिष्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी रामपाल सिंह, डा कुलदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

# स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के 35 दावेदारों के नामों पर हुआ मंथन

## लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन और चुनावी मुद्दों पर हुई चर्चा : माहरा

देहरादून( उद संवाददाता)। कांग्रेस में उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर मंथन तेज हो गया है। नई दिल्ली में शनिवार को प्रदेश के लिए गठित स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में जिताऊ प्रत्याशियों पर बल दिया गया। पांचों सीटों पर पार्टी के टिकट के लगभग 40 दावेदारों पर भी चर्चा हुई।माना जा रहा है कि स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुति के आधार पर पार्टी के प्रत्याशियों का चयन इसी माह के अंतिम सप्ताह तक हो सकता है। स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास की अध्यक्षता में हुई बैठक में कमेटी की सदस्य यशोमती ठाकुर, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सम्मिलित हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गत सोमवार तक लोकसभा सीटों के लिए दावेदारों से नाम मांगे थे। प्रदेश संगठन को लगभग 40 दावदारों के नाम मिले थे। इससे पहले गत 10 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर आई प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने पार्टी के विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों के



साथ ही वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग बात कर पार्टी के संभावित प्रत्याशियों के संबंध में फीडबैक लिया था। स्क्रीनिंग कमेटी बीते जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में उत्तराखंड का दौरा कर चुकी है। लोकसभा चुनाव में पार्टी और संभावित प्रत्याशियों की स्थिति के संबंध में विभिन्न स्तर पर लिए गए फीडबैक पर भी चर्चा की गई। यह तय किया गया कि सभी पांचों सीटों पर प्रत्याशियों का चयन उनकी जीत की संभावनाओं को देखते हुए किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में पार्टी स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर भाजपा की घेराबंदी करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन के साथ चुनाव के दौरान उठाए जा रहे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें अभी और भी होंगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शनिवार को पार्टी के वार रूम को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वार रूम ट्रेनिंग हेड ललित मेघवंशी ने वार रूम के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। बैठक की अध्यक्षता वार रूम के चेयरमैन नवीन जोशी ने की। ललित मेघवंशी ने बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की रणनीति और जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने के संबंध में जानकारी दी। नवीन जोशी ने कहा कि बूथ जोड़ो भारत जोड़ो अभियान पर सक्रियता से कार्य चल रहा है। बैठक में गोपाल सिंह गडिया, विनय कुमार, प्रवीन डोभाल ,प्रवीन त्यागी, वीरेंद्र प्रधान, विनीत गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस में प्रीतम, गोदियाल, माहरा और हरदा भी दावेदार!

देहरादून। लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में कांग्रेस ने पांचों लोकसभा सीटों पर 35 दावेदारों के नामों पर शनिवार को दिल्ली में हुई कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में चर्चा हुई। हरिद्वार लोकसभा सीट से हरीश रावत 2009 में सांसद रह चुके हैं। इसके बाद लगातार दो बार से भाजपा इस सीट पर अजेय रही है। हरिद्वार से हरीश रावत की इस सीट पर दावेदारी चौंकाने वाली है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस से पूर्व सीएम हरीश रावत और उनके पुत्र वीरेंद्र रावत ने हरिद्वार सीट पर अपनी दावेदारी पेश की है। जबकि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने अल्मोड़ा पिथौरागढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतरने से हाथ खड़े कर दिए हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक अल्मोड़ा पिथौरागढ़ सीट पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से हाथ खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा कि ऐसा उन्होंने इस लोकसभा का बड़ा दायरा होने के साथ ही यहां लंबे समय से सक्रिय न होने के आधार पर किया है। बताया जा रहा है कि जहां एक ओर पूर्व सीएम एवं कांग्रेस के वरष्ठि नेता



हरीश रावत हरिद्वार लोकसभा सीट से दावेदारी पेश कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ गढ़वाल मंडल की सीटों पर पार्टी के कई दिग्गजों ने भी ताल ठोक दी है। पार्टी टिहरी में प्रीतम सिंह, पौड़ी में गणेश गोदियाल, नैनीताल लोकसभा सीट पर करन माहरा को भी मैदान में उतारने पर विचार कर रही है। शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक भगत चरण दास की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, सदस्य यशोमती ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बीच 35 दावेदारों पर चर्चा हुई। बैठक में हर लोकसभा सीट के समीकरणों, टक्कर देने वाले उम्मीदवार, स्थानीय मुद्दों और हालात पर चर्चा की गई। उधर संगठन स्तर पर सभी सीटों पर दावेदारों के लिए सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद जल्द ही स्क्रीनिंग समिति की दूसरी बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें से हर लोकसभा के लिए दावेदारों के तीन से पांच नामों का पैनल तैयार करके केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा जाएगा।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। हिमालयी राज्यों में भू-व्यवस्था तथा सतत् विकास विषय पर आयोजित संगोष्ठी इतिहास विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज और आईसीएसएसआर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गयी। संगोष्ठी के आयोजक सचिव डॉ एम सी आर्या हैं तथा संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य तथा संरक्षक प्रो सुभाष वर्मा ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो एम सी पांडेय, प्राचार्य पी एन जी कॉलेज रामनगर की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ चंद्रकांता माथुर, प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली संगोष्ठी में उपस्थित रहीं। प्रथम बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री प्रो शेखर पाठक ने हिमालय में भू चुनौतियों तथा प्राकृतिक संसाधनों आदि पर प्रकाश डाला। इस विषय पर पूर्व में हो चुके शोध कार्यों तथा वर्तमान में चल रहे शोध तथा भविष्य की शोध योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप में बताया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारणों आदि पर विस्तृत व्याख्यान दिया। अतिथि मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर चंद्रकांता माथुर ने महिला खेती तथा महिला सशक्तिकरण जैसे विषय पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया। विशेष अतिथि वक्ता के रूप में एन आई आर डी गुवाहाटी के संस्थापक निदेशक प्रो बी पी मैथानी ने उत्तर भारत में भू व्यवस्था तथा ग्रामीण विकास विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने भारत में ब्रिटिश राज्य में की जाने वाली खेती के विषय में विस्तार से बताते हुए लैंड रोटेशन खेती के बारे में भी प्रकाश डाला। विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त आई ए एस ऑफिसर अभय पंत ने हिमाचल प्रदेश के विशेष संदर्भ में अपना व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने हिमाचल प्रदेश के भौगोलिक , प्रशासनिक, विकेंद्रीकरण तथा भू कानूनों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से पहाड़ों से पलायन के विषय में बात रखी, उसके कारणों तथा प्रभावों की जानकारी दी। द्वितीय सत्र संगोष्ठी का टेक्निकल सत्र रहा, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों से आये प्राध्यापकों तथा शोध छात्रों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनका विषय विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन कर उचित प्रतिक्रियाएँ प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीति चौहान, तथा डॉ ज्योति टम्टा, ने संयुक्त रूप से किया। इस संगोष्ठी में सिक्किम, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल, कन्या कुमारी, आन्ध्र प्रदेश, जम्मू कश्मीर, आदि राज्यों से विषय विशेषज्ञ तथा शोध छात्र पहुंचे हैं। इस अवसर पर डॉ राजविंदर कौर, डॉ सत्यमित्र सिंह, डॉ एम सी आर्या, डॉ वाई के शर्मा, डॉ संजय कुमार, डॉ भुवनेश कुमार, डॉ सविता रानी, डॉ कमला उपाध्याय, डॉ नीति चौहान, डॉ चारू उपरेती, डॉ रीतिका, डॉ मनीषा शर्मा, डॉ अमित कुमार, डॉ नाज परवीन, कमलेश जोशी, द्रौपदी, इकरार हुसैन, छात्रसंघ अध्यक्ष आकाश बिश्वास, उपाध्यक्ष विक्रम तिवारी, संदीप, अंजू , रमेश, किरण, राजेंद्र, दीवान सिंह, आदि उपस्थित रहे।




क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# ऑपरेशन प्रहार में सात वारंटी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे आपरेशन प्रहार अभियान के तहत रम्पुरा चौकी पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे सात वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक राहुल कोली पुत्र मुन्ना लाल निवासी निकट चौरासी घंटा मंदिर के पास रमपुरा धारा 3/25 में वांछित था। जबकि अजय मौर्या पुत्र बाबू राम निवासी वार्ड नंबर 4 दूधियानगर धारा 323/504/506 आईपीसी में, रफीक अहमद पुत्र अहमद खां निवासी खेड़ा कालोनी धारा 379/411 आईपीसी ,रवि कुमार पुत्र जागन लाल निवासी वार्ड नंबर 24 रमपुरा, दीपक पुत्र जागन लाल निवासी वार्ड नं. 24 रम्पुरा,कृष्णा उर्फ किशन पुत्र लेखराज निवासी वार्ड नंबर 8 रमपुरा एवं राजुकमार पुत्र नरेंद्र निवासी वार्ड नंबर 24 रमपुरा धारा 147/323/452/584/506 आईपीसी के मामले में वांछित थे। सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेजने की कार्रवाई की गयी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नवीन बुधानी,विकास कुमार, कांस्टेबल ध्यान सिंह,महेंद्र कुमार, विजयपाल आदि शामिल थे।



# अनुसूचित जाति में शामिल होंगी बंगाली समाज की उपजातियां

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड और यूपी के बंगाली समाज की उपजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। बंगाली महासभा उत्तराखंड की ओर से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में दायर याचिका पर आयोग ने केंद्र सरकार को समुदाय की उपजातियों को 30 दिन के भीतर अनुसूचित जाति में शामिल करने की राजपत्र गजट अधिसूचना जारी करने की सिफारिश की है। शनिवार को बंगाली समाज की बैठक में बंगाली महासभा उत्तराखंड, यूपी के अध्यक्ष राजकुमार साह और संरक्षक हिमांशु सरकार ने बताया कि संगठन की ओर से बीते दिनों राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में समस्त अभिलेखों, साक्षों के साथ उत्तराखंड राज्य विधानसभा में तीन बार पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव का हवाला देकर रिट दायर कर न्याय की गुहार लगाई थी। याचिका पर विचार करते हुए आयोग ने छह बार मामले में सुनवाई की। इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया, केन्द्रीय सामाजकि न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, मुख्य सचिव समाज कल्याण विभाग उत्तराखंड और यूपी के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी आयोग के समक्ष उपस्थित हुए थे। उत्तराखंड और यूपी के समाज कल्याण विभाग के सचिव ने अपने राज्य में उप जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की लिखित संस्तुति आयोग के समक्ष प्रस्तुत की। 14 फरवरी को दिल्ली में मामले पर आयोग के अध्यक्ष अरुण हाल्दार ने केन्द्र सरकार के संबंधित विभाग को 30 दिन के भी उत्तराखंड और यूपी के बंगाली समाज की उपजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने की संस्तुति करते हुए उन्हें सभी प्रकार की सुविधा प्रदान करने की अधिसूचना जारी करने की सिफारिश कर दी है। वहां बाबू चंद्रकांत मंडल, केके दास, अनादि मंडल, नारायण साह, शंकर चक्रवती, समीर विपुल राय, रवि सरकार,मधुव्रत राय, मनोज मिस्त्री, संतोष सिकदार, प्रकाश मण्डल आदि थे।



# चाकुओं के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से चहल कदमी कर रहे दो बदमाशों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में दोनों के कब्जे से एक-एक चाकू बरामद किया। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस द्वारा पकड़े गए दोनों बदमाशों का शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में ग्रस्त पर थी इसी दौरान उसने गिरिजा विहार कॉलोनी के आसपास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शुगर मिल कॉलोनी निवासी सतवीर सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। इसी तरह टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के समीप कोयले की रैक के पास से खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी सुदेश कश्यप पुत्र राजेंद्र कश्यप को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से भी एक चाकू बरामद किया। कोतवाली लाकर दोनों बदमाशों से आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने दोनों का शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय की समक्ष पेश कर दिया।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय को मिला 100 करोड़ का अनुदान

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय को बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान के रूप में 100 करोड़ का अनुदान मिला है। विवि का दावा है कि उत्तराखंड से मात्र कुमाऊं विश्वविद्यालय को यह अनुदान दिया गया है। अनुदान राशि से आपदा प्रबंधन, शहरी विकास केंद्र, व्यावसायिक विकास और उद्यमिता केंद्र जैसी नौ नई फैकल्टी स्थापित की जाएंगी। बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (मेरु) सार्वजनिक विश्वविद्यालयों का एक उन्नत मॉडल स्थापित करने का प्रयास करती है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीएस रावत ने बताया कि बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय के तहत बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान के लिए विभिन्न विश्वविद्यालय से आवेदन मांगे थे। इसमें से 35 राज्य विश्वविद्यालयों का चयन हुआ है और प्रत्येक को 100 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। कुलपति प्रो. डीएस रावत ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। कहा कि अनुदान राशि मिलने के बाद विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के प्रयास किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा ने बताया नौ नए संकाय स्थापित किए जाएंगे जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा।

# खाटू श्याम भक्तों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम गल्ला मंडी में आगामी 22 फरवरी को होने वाली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं अनुष्ठान से पूर्व आज नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्री अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर कलश यात्रा मुख्य मार्गों पर से होकर गुजरती हुई गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम बाबा मंदिर में संपन्न हुई। आगामी 21फरवरी की दोपहर दो बजे से श्री निशान श्याम यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान राजेंद्र तुलसियान, राजेंद्र गुप्ता, प्रवेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, विजय भूषण गर्ग, नवल अग्रवाल, जय भगवान जैन, गौरव सिंगला, राधा अग्रवाल, शशि बंसल, काजल अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, मोनिका बंसल, कुसुम जैन, उषा श्यामपुरिया सहित सैकड़ों की संख्या में बाबा भक्त मौजूद रहे।





# दबंगों पर मकान पर कब्जा करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने एसएसपी कार्यालय में सौंपे शिकायती पत्र में दबंगों पर अपने मकान पर कब्जा कर लेने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पत्र में श्रीमती गुड्डी पत्नी नरेश चन्द्र निवासी राजा कालोनी, वार्ड 10 ने कहा है कि उसका आवासीय मकान राजा कालोनी वार्ड 10 में है। जिसके पेपर सन् 2021 में आई बाध्य में बह गये थे। उक्त मकान के पते पर उसके नाम से विद्युत संयोजन भी है। उसका कहना है कि 23 जनवरी 2023 को एक ही परिवार के कुछ लोग उसके घर पर आये तथा उसके बच्चो के साथ बेरहमी से मारपीट की। घर पर तोड़फोड कर घर में आग लगा दी थी। गुड्डी जा आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पूरे परिवार को जबरन घर से निकाल दिया और कोई सामान भी नही दिया तथा मकान पर अनाधिकृत कब्जा कर लिया। घर में लगा विद्युत मीटर भी दबंगो ने तोड़ कर फेक दिया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# अमन और शांति के लिए डीएम और एसएसपी ने ली बैठक





हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर और जिले की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला और पुलिस प्रशासन की है। शहर के सभी सम्मानित जन समझदार है। सभी लोग पूर्व की तरह शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करेंगे। यह बात जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नगर निगम सभागार में शहर के विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक करते हुए कही। जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद पर्यावरण मित्रों ने हामी भरते हुए पूर्व की तरह बनभूलपुरा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था कायम रखने की बात कही। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी. एन. मीणा ने कहा कि विगत दिनों बनभूलपूरा में हुई घटना के बाद अब क्षेत्र में शांति का माहौल है। शहर में इस तरह की कोई घटना दुबारा न होगी और न होने दी जाएगी। घटना में शामिल शरारती लोगों को चिन्हित करने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, पेट्रोल पंप, छात्र संघ, पर्यावरण मित्र, विभिन्न राजनीतिक दलों, टैक्सी और ट्रांसपोर्ट के साथ ही विभिन्न पदाधिकारी मौजूद थे। उन्होंने बैठक में जिला और पुलिस प्रशासन को शांति बनाए रखने में पूर्ण सहयोग की बात कही। साथ ही उपद्रव में शामिल शरारती तत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कारवाई, बाहर से आने वाले व्यक्तियों के सत्यापन, पेट्रोल पंप से खाली बोतलों में पेट्रोल न देने, सफाई कार्मिकों का बीमा करवाने की बात रखी। जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र में लोगों की आवश्यकता को देखते हुए जिस प्रकार पूर्व की तरह शांति, अमन कायम किया गया है, वह प्रशंसनीय है। इसके साथ ही क्षेत्र में लोगों को राशन, मेडिकल के साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई, इसके लिए लोगों ने शुक्रिया अदा किया। बैठक में मौलाना मोहमद मुकिम कासमी, अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष मजहर नईम नवाब, महबूब अली, राहत मसी, राम अवतार, कैलाश जोशी, मनोज तिवारी, जोनल मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, एसडीएम परितोष वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह सहित शहर के सम्मानित गण उपस्थित थे।

## पात्रों तक पहुंचायें योजनाओं का का लाभ: इकबाल सिंह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कार्यवाहक अध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग सरदार इकबाल सिंह ने विकास भवन सभागर में जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ अल्पसंख्यकों से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकार द्वार संचालित अल्पसंख्यकों से सम्बन्धित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुये अन्तिम छोर तक पहुंचाते हुये पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होने अल्पसंख्यक विभाग के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण योजनएं-मौलाना आजाद एजुकेशन फाइनेंस फाउंडेशन योजना, अपसंख्यक स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पूर्व नाम एमएसडीपी योजना) कब्रिस्थानों की चाहर दिवारी योजना, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में विकास सम्बन्धि योजना, अल्पसंख्यक विकास निधि, मदरसा, शिक्षा आधुनिकरण से सम्बन्धित योजना, अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्रओं के लिये छात्रवृति योजना, संत केशर सिंह स्मृति सहायता कोष,



मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन आदि योजनाओं को अल्संख्यक समुदाय के पात्र लोगों को पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के आधार पर प्रदान की जाये। उन्होने विभिन्न योजनाओं में प्राप्त लक्ष्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को निर्देश दिये कि यदि किसी भी योजना हेतु जो आवेदन विभाग को ऑफ लाईन आवेदन प्राप्त होते है, और उन्हे ऑन लाइन किया जाना है तो उन्हे अपने स्तर से ऑन लाइन करें। उन्होने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिये कि विभिन्न योजनान्तर्गत ऋण हेतु जो आवेदन बैंकों को प्रेषित किये जाते है उनका सम्बन्धित बैंकों से समय से निस्तारण कराये। उन्होने कहा कि हम सबका एक ही उद्देश्य होना चाहिये कि अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति को योजना से लाभान्वित करते हुये मुख्य धारा से जोड़ा जाये। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि आज बैठक में जो विभाग अनुपस्थित है उनका स्पष्टिकरण लेते हुये आयोग को प्रेषित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का सम्बन्धित विभागों द्वारा पालन कराया जायेगा। ैठक में सदस्य अल्पसंख्यक आयोग तस्लिम अहमद, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पंत, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध आदि उपस्थित थे।

## समाज सेविका रीता ने बच्चों को पढ़ाया नैतिक आचरण का पाठ

टनकपुर (उद संवाददाता)। समाजसेविका एवं स्वागतम ईजा समिति लोहाघाट की अध्यक्ष रीता गहतोड़ी ने बसंत पंचमी का पर्व वाल्मीकि बस्ती में मनाया। इस दौरान मंदिर में पूजा अर्चना की गयी और वाल्मीकि समाज के बच्चों को नैतिक आचरणों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ कराया



और प्रतिदिन सूर्य नारायण को जल अर्पित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को सूर्य को जल अर्पित करने और प्रतिदिन पूजा आठ के फायदे बताये। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में शकुंतला, सीमा, कुसुमा, अभिषेक, करन, सनी, गीता, विजय, निशांत,अभय सहित काफी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

## दानिश का इंस्पायर अवार्ड में चयन

किच्छा (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज के छात्र मोहम्मद दानिश पुत्र अबरार हुसैन का गवर्नमेंट ऑफ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी 2023- 24 के इंस्पायर अवार्ड में चयन हुआ है । इस अवार्ड को पाने के लिए विद्यालय के छात्र मोहम्मद दानिश ने अपने मॉडल सेफ्टी अलार्म लेजर लाइट पर आधारित बनाया। जिसका उद्देश्य फसलों एवं घरों में होने वाले नुकसान एवं अपराधों से बचाना है। मोहम्मद दानिश का कहना था कि इस मॉडल को बनाने में सहपाठी मो. समीर एवं मो. रिहान ने सहयोग प्रदान किया। उसने कहा कि विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश अग्रवाल एवं समस्त विज्ञान के शिक्षक शिक्षकों ने उसका उत्साहवर्धन किया एवं ऐसे ही भविष्य में सफल होने का आशीर्वाद प्रदान किया।समस्त विद्यालय परिवार छात्र की इस उपलब्धि से प्रसन्न है और छात्र को आशीष देते हुए सभी शिक्षकों ने कहा कि छात्र अगर लग्नशील हो तो वह कुछ भी पा सकता है। छात्र की उपलब्धि में विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उसे बधाई प्रेषित की।



## स्वयं के प्रति जागरूक होकर संवेदनशील बने: कुलविंदर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मनुष्य स्वयं के प्रति जागरूक हो और दूसरों के प्रति संवेदनशील तभी सच्ची उन्नति संभव है। यह बात श्री गुरु नानक इंटर कालेज की पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती कुलविंदर कौर ने श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता के साथ 'इतनी उन्नति के बाद भी मनुष्य अकेला और उदास है' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कही।प्रधानाचार्या डा. सतविन्दर कौर ने कहा कि यह हम पर निर्भर करता है कि हम नई उन्नतिशील चीज का उपयोग करें दुरुपयोग नहीं। अगर हम हर वक्त मोबाइल लेकर बैठे रहेंगे तो कैसे अपना तथा दूसरों का भला करेंगे। इसके लिए प्रेम भाव रखे, भला करें कभी भी अकेला व उदास न रहें। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में रिंकी प्रथम, प्रिंसी द्वितीय व नंदिता तृतीय रही। जिन्हें पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि कुलविंदर कौर को बुकेट देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. ज्योति, डा. चम्पा, डा. नीमां, डा. रजनी, डा.रेखा, डा. श्वेता, डा.विद्या, कु. गुन्जन, सोनिया, नेहा, डा.नीतू, डा. भावना सहित कई छात्राएं मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन कु .हिमानी ने किया।



# गवर्नमेंट पेंशनर्स ने उठाई गोल्डन कार्ड से जुड़ी समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन शाखा उधम सिंह नगर की बैठक नगर निगम सभागार में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष बीएल साह ने एवं संचालन एसके नैय्यर महासचिव उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया। बैठक में शाखा जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा, हल्द्वानी, नैनीताल के पदाधिकारियों एव सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में पदाधिकारियों एव सदस्यों द्वारा स्वर्गीय गिरीराज शंकर गर्ग प्रांतीय संस्थापक अध्यक्ष की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। जिनमें राजकीय पेंशनर्स एवं परिवारिक पेंशन से गोल्डन कार्ड की मासिक कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में 50 प्रतिशत करने,जनपद मे राजकीय व निजी चिकित्सालय पर निगरानी व गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है अथवा नहीं





के लिए जिला अधिकारी मुख्यचिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करने ताकि जनपद में ही समस्या का निदान हो सके, गोल्डन कार्ड धारको को राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में कैशलेस ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराने, राजकीय चिकित्सालय में ओपीडी में डॉक्टर के द्वारा लिखी गई पैथोलॉजी जांच के लिए गोल्डन कार्ड धारकों को सुविधा देने से मना किया जा रहा है। जबकि आयुष्मान कार्ड धारकों को यह सुविधा निशुल्क दी जा रही है। राजकीय पेंशनर्स के आयुष्मान कार्ड निरस्त करने के उपरांत ही गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। कम से कम यह व्यवस्था राजकीय चिकित्सालय में शीध्र लागू की जाए।उत्तराखंड एवं देश के निजी विशिष्ट विशेषज्ञ चिकित्सालय अनुबंधित सूची शीघ्र संगठन को उपलब्ध कराई जाए। जो अनुबंधित चिकित्सालय गोल्डन धारी पेंशनर्स का इलाज करने से मना करें, उस पर कार्रवाई की जाए एवं आवश्यकता पड़ने पर उसका लाइसेंस भी निरस्त किया जाए। जिन सदस्यों ने गोल्डन कार्ड अस्वीकार करते हुए ना का विकल्प दिया है तथा उनसे मासिक कटौती कर दी गई है उसे संबंधित पेंशनर को की गई कटौती वापस किया जाए।जो सदस्य गोल्डन कार्ड हां या ना का विकल्प दे रहे हैं कोषागार द्वारा स्वीकार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया है कि साइट खुल नहीं रही है यानी विकल्प भरने पर शासन द्वारा रोक लगा दी गई है इसे शीघ्र खोला जाए। राजकीय पेंशनर्स को राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत समस्त पेंशनर्स का आहरण वितरण अधिकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी /मुख्य कोषाधिकारी व कोषाधिकारी को नियुक्ति किये जाए शामिल हैं।बैठक में मुख्य रुप से बीएल साह एसके नैयर, सीबी घिडिल्याल , पनवेश गुप्ता , बीएस चौहान, सत्य प्रकाश यादव, लीलांबर जोशी, पीसी जोशी, विद्या, पानसिंह रौतेला, लीलाधर भट्ट, मोहनलाल अरोडा, रामबिलास , बीसी जोशी, प्रभाकर तिवारी, विनोद जोशी, जगदीश पाटनी, विजयपाल, सुबोध शर्मा, त्रिवेणी सहाय गंगवार, देश राज, राम प्रसाद, गौरी शंकर, गोविंद लाल, हेम चन्द्र जोशी, श्रीमती आशा के सिह, होशियार कोहली, जयराम, जगदीश चंद्र, दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में कमिश्नर ने किया शिकायतों का निस्तारण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय में आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता व भरण पोषण आदि से सम्बन्धित आई। जनसुनवाई में आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को तलब कर समस्याओं का मौके पर समाधान किया। जनसुनवाई में भूमि विवाद के मामले काफी संख्या में आने पर आयुक्त श्री रावत ने आमजनमानस से अपील की है जो भी लोग भूमि क्रय करते हैं भूमि क्रय करने से पूर्व भूमि की सभी जांच तहसील स्तर से सुनिश्चित करें, भूमि वर्ग-1 की है या नही, अथवा भूमि पर बैंक से ऋण तो नही लिया है। इसके साथ भूमि के रजिस्ट्रीकरण के पश्चात शीघ्र दाखिल खारिज की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा भूमि क्रय करने के पश्चात भूमि की चाहरदीवारी भी करें जिससे भविष्य में होने वाली धोखाधडी से बचा जा सके।जनसुनवाई में ललिता बमेठा निवासी रामपुर रोड हल्द्वानी ने विगत वर्ष ललित सिंह मेहरा से भूमि क्रय की थी। लेकिन ललित सिंह मेहरा द्वारा श्रीमती बमेठा को वर्ग-4 की भूमि विक्रय कर दी थी। विगत जनसुनवाई में आयुक्त ने दोनो पक्षों को तबल कर श्रीमती बमेठा को भूमि की धनराशि वापस दिलाने के निर्देश दिये गये थे। जनसुनवाई में श्री ललिता बमेठा को 17 लाख रूपये की धनराशि के चौक वापस दिलवाये गये। 17 लाख की धनराशि वापस दिलाने पर ललिता बमेठा ने आयुक्त का धन्यवाद किया। जनसुनवाई में देवकी देवी पत्नी स्व मथुरा दत्त जोशी निवासी जग्गीबंगर हल्दूचौड ने बताया कि उनके चार पुत्र है वह काफी बीमार रहती है लेकिन पुत्रों द्वारा भरण पोषण हेतु धनराशि नही दी जाती है। इसके साथ ही मनीष आर्या निवासी ज्योलीकोट ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते उनके पति द्वारा मारपीट की जाती है, भूमिका, दीपाली एवं आरती पाल ने कालेज के शुल्क वापस करने का अनुरोध किया, रविन्द सिंह बिष्ट पोखरी जिला अल्मोडा ने भूमि में अवैध कब्जा हटाने का अनुरोध किया, सरोज बोहरा निवासी काठगोदाम ने आवासीय मकान को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम पम्प डीलर द्वारा चाहरदीवारी से नुकसान होने, वनीता राजपूत निवासी काठगोदाम ने ओबीसी प्रमाण पत्र देने हेतु तथा डालचन्द्र सिंह निवासी महुवाडाबारा ने सरकारी रास्ते पर भवन निमार्ण को ध्वस्त कराने का अनुरोध किया। जनसुनवाई में आयुक्त द्वारा अधिकांश शिकायतों का दोनों पक्षों को तलब कर समस्या का समाधान किया।



# हिंसा में घायल हुए लोगों का डीएम ने जाना हाल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार सांय सुशीला तिवारी अस्पताल में बनभूलपुरा में हुई हिंसा के दौरान गंभीर रूप से घायल लोगों का हाल-चाल जाना और डॉक्टर से घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार को सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचकर बनभूलपुरा हिंसा के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए दो घायलों का हाल-चाल जाना। इस दौरान चिकित्सकों ने बताया कि एक युवक जो कि ट्रामा आईसीयू में है जबकि दूसरा युवक आईसीयू में है। उनका समुचित इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि उपचार को देखते हुए यदि घायलों को हायर सेंटर रेफर करना जरूरी हो तो उसे हायर सेंटर भी रेफर किया जाए। दोनों घायलों के स्वास्थ्य की फीडबैक लेते हुए जिलाधिकारी ने डॉक्टर को बेहतर उपचार देने दिए जाने के निर्देश दिए।



# विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित हुई कवियत्री निकेता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दुनिया के सबसे बड़े कवि सम्मेलन में प्रतिभाग कर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा कर शहर के कलमकार निकेता पाहुजा ने बढ़ाया शहर का मान बुलंदी संस्था द्वारा विश्व हिंदी दिवस से प्रारंभ हिंदी की वैश्विक यात्रा बुलंदी पर हिंदी अनवरत कवि सम्मेलन को हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है उक्त आयोजन में दुनिया के 55 देशों के हिंदी कवियो सहित 1205 कलमकारो ने प्रतिभाग किया साथ ही यह आयोजन 220 घंटे अनवरत आयोजित हुआ स हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा सबसे ज्यादा देशों की सहभागिता सहित अनवरत 220 घंटे आयोजित होने पर यह आयोजन विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है स उक्त आयोजन में काव्य पाठ हेतु रुद्रपुर की निकेता को निमंत्रण संस्था के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी एवं संरक्षक अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज प्रकाश द्वारा आमंत्रित किया गया है स बुलंदी संस्था ने वर्ष 2021 और 2022 में 207 घंटे और 400 घंटे अनवरत वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित करवाकर तीन बार विश्व वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है सजिससे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया , बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती हैं, जिसका उद्देश्य नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना है और इसके लिए संस्था निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही हैं। बहुत ही कम समय में बड़े-बड़े आयोजन आयोजित करवा कर बुलंदी संस्था ने अपने नाम को सार्थक कर दिया है संस्था का यह तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड साहित्य जगत की सुर्खियों में बना हुआ है।



# स्कूल में हुई चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। विगत 17 फरवरी को श्रीमती स्वीकृति वरिष्ठ अध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय लखनऊ ने थाना हाजा एक प्रार्थना बाबत अज्ञात चोर द्वारा रात्रि स्कूल का गेट फांद कर स्कूल के दो कमरों का ताला तोड़कर कक्षा 5 लाइब्रेरी में लगी कैंट्रान कंपनी की स्मार्ट टीवी चोरी के बाबत दाखिल किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे तत्काल पुलिस टीम का गठन करके टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी कैमरो का अवलोकन कर, सी.सी.टी.वी मे दिखाई दे रहे संदिग्धो की पहचान हेतु पतारसी सुरागरसी कर तथा मुखबिर खास मामूर किये गये। प्राप्त सूचना पर संदिग्ध की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त फहीम अहमद पुत्र रशीद अहमद निवासी भोला कॉलोनी मस्जिद वाली गली थाना गदरपुर को मय चोरी की एलईडी के साथ अभियुक्त के घर के पास से जुर्म से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस लिया गया।अभियुक्त के विरुद्ध माल बरामदगी के आधार पर धारा 411 की बढ़ोतरी की गई। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी,उपनिरीक्षक बसन्त प्रसाद,कानि0 दर्शन सिंह,ललिता प्रसाद, एसपीओ रवि पासवान शामिल थे।



# होटल से चुराए गए सिलेंडरों के साथ तीन चोर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में चौती चौराहे के समीप खुले मांसाहारी खाद्यान्न के एक होटल से बीते दिवस दो कमर्शियल सिलेंडर चोरी हो गए। होटल चलाने वाली महिला ने जब मामले की तहरीर पुलिस को दी तो पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर तीनों ने गुनाह कबूल करते हुए चुराया गया सिलेंडर बरामद करा दिया। चोरी की घटना को अंजाम देने की साजिश रचने वाले का नाम विक्रम सैनी बताया जा रहा है। पुलिस ने शनिवार की शाम होटल स्वामिनी को थाने बुलाकर चुराया गया सिलेंडर उसके सुपुर्द कर दिया। खबर लिखे जाने तक तीनों युवकों से थाने में पूछताछ जारी है। जानकारी के मुताबिक लगभग दो माह पूर्व चौती चौराहे के पास रामनगर से आई एक महिला द्वारा मांसाहारी खाद्यान्न का होटल खोला गया। इस होटल पर विक्रम सैनी नामक कारीगर काम करता था। लगभग एक माह तक काम करने के बाद जब उसे होटल से निकाल दिया गया तो उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ होटल में चोरी की साजिश रची। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व मौका पाकर होटल से निकाले गए कारीगर ने अपने दो साथियों की मदद से दो व्यवसायिक सिलेंडर वहां से चोरी कर लिए। होटल चलाने वाली महिला को जब इसका पता चला तो उसने तत्काल मामले की तहरीर पुलिस को दी। आईटीआई पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान तीनों को दबोच लिया। गुनाह कबूल करने के बाद पुलिस ने चुराया गया सिलेंडर बरामद करते हुए उसे होटल स्वामिनी को सौंप दिया। खबर लिखे जाने तक थाने में तीनों से पूछताछ जारी है।

# अफोर्टेबल फैक्ट्री लुक आउट शोरूम का भव्य शुभारंभ

## पूर्व विधायक ठुकराल और व्यापार मण्डल अध्यक्ष जुनेजा ने किया उदघाटन





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अफोर्टेबल फैक्ट्री लुक आउट शोरूम का गत दिवस पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। सिविल लाइन स्थित सनसिटी प्लाजा में अफोर्टेबल फैक्ट्री लुक आउट का शुभारंभ करते हुए श्री ठुकराल और जुनेजा ने शोरूम स्वामी मोहित कालरा को बधाई देते हुए कहां कि यह अच्छी बात है कि शहर वासियों को फैक्ट्री रेट पर माल उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें कम दामों पर ब्रांडेड कंपनियों का माल मिलेगा। शोरूम स्वामी ने मोहित कालरा ने बताया ब्रांडेड कंपनियां के शूज एवं चप्पलों में भारी डिस्काउंट दी जा रही है। शहर में अन्य शोरूम से सस्ता माल उपलब्ध है। शुभारंभ के मौके पर सुनील कालरा, अमन, विशाल मलिक,मनोज कालरा, धीरू कालरा,नितिन कालरा, अमित कालरा,रिंकू कालरा,हरनाम पोपली, केशव गुंबर, नीरज बजाज सहित काफी संख्या में व्यापारी एवं परिवार के लोग थे।

# 15 सहायक लेखाकारों को डीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार द्वारा प्रदेश के कोषागारों में 223 सहायक लेखाकारों की परीक्षा कर नियुक्तियां प्रदान की है। जनपद में कुल 15 सहायक लेखाकार मिले हैं इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला कोषागार व उपकोषागारों में तैनात 15 सहायक लेखाकारों को जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने सभी नवनियुक्त सहायक लेखाकारों को शुभकामनाएं व बधाई दी व मन लगाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रथम पोस्टिंग से बहुत नए-नए अनुभव प्राप्त होते हैं इसलिए अपने अधिकारियों के नेतृत्व में मन लगाकर कार्य करें। उन्होंने सरकार का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में ,मुख्य कोषाधिकारी डा पंकज कुमार शुक्ल सहित 15 नवनियुक्त सहायक लेखाकार मौजूद थे।





# काम पर गया युवक हुआ लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गजरौला से यहां अपने चचेरे ससुर के पास आकर काम पर गया एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। जमीला पत्नी स्व. खैराती, निवासी ग्राम अल्लीपुर, तहसील धनौरा, थाना गजरौला, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश का कहना है कि उसका छोटा पुत्र 37वर्षीय मोबिन 7 फरवरी को अपने निवास स्थान से इंडियन बैंक शाखा काशीपुर रोड, रूद्रपुर में कारपेन्टर का कार्य करने के लिये अपने चचेरे ससुर राशीद खान के पास आया था। उसने अपना बैग राशीद खान के पास रखा और उनसे कुछ देर बाद खाना खाकर आता हूँ कहकर गया। परन्तु वह देर सायं तक वापिस नहीं आया। उसके मोबाइल पर फोन मिलाया तो मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। इस पर उन्होने इसकी सूचना उसकी पत्नी यानि अपनी सगी भतीजी श्रीमती आसमा व उसके परिजनों को फोन करके दी। तो उन्होने कहा कि हो सकता है कि वह घर वापिस आ रहे हो या कही ओर काम पर लग गये हो। यह सोचकर हम उसका इंतेजार करते रहे। जमीला का कहना है कि वह पहले भी कई बार बिना बताये चला जाता था और फिर वापिस घर आ जाता था। लेकिन जब आज तक वह घर लौटकर वापिस नहीं आया और न ही उसकी कोई सूचना मिल पायी है। हमारे द्वारा अपने रिश्तेदारों एवं आस-पास के लोगों से भी अपने पुत्र मोबिन की काफी खोजबीन की। परन्तु उनका कोई पता नहीं चल पाया है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अग्निकांड से बचाव

देश में आवासीय क्षेत्र में किसी भी उद्योग के स्थापित करने में सख्ती से रोक लगाने के बावजूद भी अधिकारियों की लापरवाही से आवासीय क्षेत्रों में लगातार उद्योग स्थापित हो रहे हैं। जिस करण कई बार उद्योगों में अप्रिय घटना होने पर इसका खामियाजा उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों के साथ ही आस पास रहने वाले लोगों को भी उठाना पड़ रहा हैं । जबकि किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि उसके बाद ऐसे इंतजाम हों, जिससे उस तरह की घटना फिर न हो। मगर ऐसा लगता है कि न तो प्रशासन इस पर गौर कर रहा है और न ही कारोबारियों से लेकर आम लोगों को यह सोचने की जरूरत लगती है कि मामूली लापरवाही की कीमत क्या हो सकती है। गत दिवस दिल्ली के अलीपुर में रिहाइशी इलाके में चल रहे एक पेंट के कारखाने में जिस तरह आग लगी और उसमें ग्यारह लोगों की जान चली गई, वह एक बार फिर यह बताने के लिए काफी है कि हर स्तर पर लापरवाही एक अघोषित व्यवस्था के रूप में चल रही है और उस पर लगाम लगाने की जरूरत किसी को नहीं महसूस होती। इस तरह के किसी भी कारखाने में कई बार ऐसे रसायन और अन्य सामान रखे होते हैं, जो आग लगने और अन्य हादसों के लिहाज से बेहद संवेदनशील होते और किसी भी वक्त बड़ी तबाही का कारण बन सकते हैं। मगर आम लोगों की रिहाइश के बीच ऐसा कारखाना चलाने वालों को सिर्फ अपने मुनाफे से मतलब होता है। विडंबना है कि सभी की आंखें तब खुलती हैं, जब किसी मामूली कोताही की वजह से वह हालात पैदा हो जाते हैं, और बेगुनाह लोगों की जान चली जाती है। वरना हादसे से पहले अग्नि शमन विभाग या अन्य संबंधित महकमों को किसी तरह की जांच करके गैरकानूनी तरीके से चल रहे कारखानों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करना जरूरी नहीं लगता या फिर मिलीभगत की वजह से हादसों की बड़ी वजहों की भी अनदेखी कर दी जाती है।किसी कारखाने में आग लगने या अन्य हादसे की स्थिति में बचाव के पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं, उसमें प्रवेश करने और बाहर निकलने के रास्ते सुरक्षित और सहज हैं या नहीं, इसे लेकर कारखानों के मालिक व्यापक पैमाने पर लापरवाही बरतते हैं। वहीं प्रशासनिक अमला समय-समय पर जांच-पड़ताल करके अवैध इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने या फिर सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित कराने को लेकर कई वजहों से आंखें मूंदे रहता है। नतीजतन, अक्सर ऐसे हादसे सामने आते रहते हैं, जिनमें लापरवाही की कीमत नाहक ही आम लोगों को अपनी जिंदगी गंवा कर चुकानी पड़ती है। देश के कई प्रमुख महानगरों में ऐसा कई बार हो चुका है कि आवासीय क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों में होने वाले अग्निकांड के दौरान दमकल कर्मियों को मौके पर पहुंचने में संकरी गलियों के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे आग बुझाने में काफी वक्त लग जाता है। भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए शासन प्रशासन दोनों को ही आवासीय क्षेत्रों में किसी भी उद्योग के लगने पर कड़ाई से रोक लगानी होगी।

# नेशनल सब जूनियर गोल्ड मेडलिस्ट का किया स्वागत

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो गोल्ड मेडलिस्ट निशित राणा का उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित नेशनल सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर भारत विकास परिषद शाखा नानकमत्ता की ओर से भव्य स्वागत किया गया। 11 वर्षीय निशित राणा नानकमत्ता के नजदीक सुनखरी कला गांव का निवासी है उसके पिता रामरेश सिंह राणा की आर्थिक स्थिति इस प्रकार की नहीं है कि वह अपने पुत्र को ताइक्वांडो खेल से संबंधित संसाधनों को उपलब्ध करा पायें वह इधर-उध



र से बमुश्किल प्रबंध करके अपने पुत्र की इस प्रतिभा को निखारने में लगे हुए हैं। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि एक तरफ यह कहा जाता है की 140 करोड़ जनसंख्या वाले राष्ट्र में भारत एशिया या ओलंपिक खेलों में इतने कम पदक क्यों प्राप्त कर पाता है इसका कारण शायद यही है कि ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर ही प्राप्त नहीं होते हैं। भारत विकास परिषद समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सहायता करने के लिए जानी जाती है उसी क्रम में आज होनहार ताइक्वांडो खिलाड़ी निशित राणा को 5100/- की धनराशि देकर आर्थिक सहायता भी प्रदान करी गई। यहां परिषद के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-संजय जैन,पूर्व अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, संरक्षक उमेश अग्रवाल, पूर्व सचिव सूरज सक्सेना तथा एकल विद्यालय नानकमत्ता की महिला अध्यक्ष शीलू सक्सेना आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन बॉन्ड: राजनीतिक दलों के लिए चुनावी चंदे में गुमनामी का खेल असंवैधानिक

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी समेत सभी राजनीतिक दलों को बड़ा झटका दिया है। डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने ऐतिहासिक फैसले में दलों को गुमनामी चुनावी चंदा उपलब्ध कराने वाली केंद्र सरकार की निर्वाचन बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। पीठ ने बॉन्ड की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए इसे क्रय करने वालों, बॉन्ड का मूल्य और इसे पाने वालों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। अदालत ने 2018 में वित्त विधेयक-2017 के जरिए लाई गई इस योजना को संविधान के अनुच्छेद 19 (1 ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सूचना के मौलिक अधिकार के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन माना है। पीठ ने केंद्र सरकार की इस दलील को भी नहीं माना कि यह योजना राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता और कालेधन पर अंकुश लगाने के लिए अस्तित्व में लाई गई थी। इस फैसले को लोकतंत्र में विश्वास बहाली की दृष्टि से देखा जा रहा है। कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान महान्यायवादी आर वेंकटरमणी ने शीर्ष न्यायालय को लिखित दलील देते हुए कहा था कि देश की जनता को राजनीतिक दलों को चंदा कौन देता है, यह जानने का अधिकार नहीं है। चुनावी बॉन्ड चंदा देने का एक स्वच्छ जरिया है, इसलिए इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए जा सकते हैं। महान्यायवादी ने संविधान के अनुच्छेद 19 (1-ए) के तहत नागरिकों को चुनावी धन का स्रोत जानने का अधिकार नहीं होने की दलील भी दी थी। इस कानून के समर्थन में सभी दल रहे हैं। क्योंकि सभी को भरपूर गुमनामी चंदा उद्योगपतियों और औद्योगिक घरानों से मिलता रहा है। इसी कारण चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त सभी दल खूब फलते-फूलते रहे हैं। साफ है, सभी दल बहती गंगा में हाथ धोने में लगे थे। निर्वाचन बॉन्ड ने तो दलों और उम्मीदवारों को यह सुविधा भी दे दी थी कि उन्हें जो चंदा बॉन्ड के जरिए मिलेगा, उसकी जानकारी निर्वाचन आयोग को भी देने की जरूरत नहीं है।

दरअसल इस चंदे के बदले में दल औद्योगिक घरानों के हित साधने का काम करते हैं, यहां तक कि कई नीतियां भी उन्हीं के हितों को साधने के लिए बना दी जाती हैं। दलों को धन की जरूरत चुनाव लड़ने के साथ-साथ संगठन चलाने के लिए भी रहती है। अतएव चंदे में पारदर्शिता को वित्त विधेयक में दूर रखने के पुख्ता उपाय मौजूद थे। अदालत की पीठ ने इन्हीं उपायों की असंवैधानिकता पर कुठाराघात किया है। 2018 में चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा लेने का कानून बनाए जाने के वक्त दावा किया गया था कि कालेधन पर रोक और भ्रष्टाचार पर लगाम की दृष्टि से राजनीतिक पार्टियां अब केवल निर्वाचन बॉन्ड के जरिए ही चंदा ले सकेंगी। ये बॉन्ड एक हजार, 10 हजार, 1 लाख, 10 लाख और 1 करोड़ के गुणक में उपलब्ध कराए गए थे। इन्हें केवल भारतीय स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं से ही खरीदा जा सकता था। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने दावा किया था कि इस व्यवस्था के शुरू होने से देश में राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आ जाएगी। भारत का कोई भी नागरिक या संस्था ये बॉन्ड खरीद कर दलों को चंदा देने के लिए स्वतंत्र हैं। बॉन्ड पर दानदाता का नाम नहीं लिखा जाएगा। ये बॉन्ड खरीदे जाने के 15 दिन के भीतर किसी भी दल को दान के रूप में दिए जा सकेंगे। इस दान को लेने का हक केवल उन दलों को होगा, जिन्हें निर्वाचन आयोग की मान्यता के साथ एक प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले हों। इस प्रक्रिया पर असहमति जताते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने कहा था कि आम लोगों को यह कैसे पता चल पाएगा कि किस दल या उम्मीदवार को कितना चंदा किस व्यक्ति या व्यापारी से मिला है ? आयोग ने सरकार द्वारा जनप्रतिनिधित्व कानून में किए गए उस बदलाव पर भी आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसमें राजनीतिक दल को बॉन्ड के जरिए ली गई धनराशि को ऑडिट रिपोर्ट में दर्शाने की बाध्यता खत्म कर दी गई थी। ये प्रावधान 'वित्त विधेयक-2017' के जरिए किए गए थे। विडंबना रही कि किसी भी विपक्षी दल ने आयोग की आपत्तियों पर गौर नहीं किया। साफ है, सभी दल चंदे की गोपनीयता बनाए रखने में एकमत थे।

वित्त विधेयक- 2017 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति या कंपनी चेक या ई-पेमेंट के जरिए चुनावी बॉन्ड खरीद सकता है। ये बियरर चेक की तरह बियरर बॉन्ड होंगे। मसलन इन्हें दल या व्यक्ति चौकों की तरह बैंकों से भुना सकते हैं। चूंकि बॉन्ड केवल ई-ट्रांसफर या चेक से खरीदे जा सकते हैं, इसलिए खरीदने वाले का पता होगा, लेकिन पाने वाले का नाम गोपनीय रहेगा। अर्थशास्त्रियों ने इसे कालेधन को बढ़ावा देने वाला उपाय बताया था। क्योंकि इस प्रावधान में ऐसा लोच था कि कंपनियां इस बॉन्ड को राजनीतिक दलों को देकर फिर से किसी अन्य रूप में वापस ले सकती थी। कंपनी या व्यक्ति बॉन्ड खरीदने पर किए गए खर्च को बहीखाते में तो दर्ज करेंगी, लेकिन यह बताने को मजबूर नहीं रहेंगी कि उसने ये बॉन्ड किसे दिए हैं। यही नहीं सरकार ने कंपनियों पर चंदा देने की सीमा भी समाप्त कर दी थी। बॉन्ड के जरिए 20 हजार रूपये से ज्यादा चंदा देने वाली कंपनी या व्यक्ति का नाम भी बताना जरूरी नहीं था।हालांकि केंद्र सरकार ने यह पहल निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर की थी। आयोग ने इसके लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन का सुझाव दिया था। फिलहाल दलों को मिलने वाला चंदा आयकर अधिनियम 1961 की धारा 13 (ए) के अंतर्गत आता है। इसके तहत दलों को 20,000 रुपए से कम के नगद चंदे का स्रोत बताने की जरूरत नहीं है। इसी झोल का लाभ उठाकर दल बड़ी धनराशि को 20,000 रुपए से कम की राशियों में सच्चे-झूठे नामों से बही खातों में दर्ज कर कानून को ठेंगा दिखाते रहे थे। इस कानून में संशोधन के बाद जरूरत तो यह थी कि दान में मिलने वाली 2000 तक की राशि के दानदाता की पहचान को आधार से जोड़ा जाता, जिससे दानदाता के नाम का खुलासा होता ? किंतु ऐसा न करते हुए सरकार ने निर्वाचन बॉन्ड के जरिए उपरोक्त प्रावधानों पर पानी फेर दिया था। शायद इसीलिए सीजेआई ने फैसले में चुनाव आयोग की खिंचाई करते हुए कहा है कि आप देशभर में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने वाली एकमात्र एजेंसी हैं। किंतु आप को ही पता नहीं होगा कि किस दल को कहां से चंदा मिल रहा है, तब पारदर्शिता कैसे है ? अतएव कानून

राजनीतिक समर्थन दिखाते हुए चंदे की अनुमति देता है तो लोगों के अधिकारों की रक्षा करना संविधान का कर्तव्य है। संविधान किसी जानकारी के सार्वजनिक होने पर दुरुपयोग की दलील पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं कर सकता। अदालत ने उन तीनों कानूनों को भी खत्म कर दिया, जो गुमनामी चंदे की गोपनीयता के मजबूत सुरक्षा कवच थे। इस हेतु आरबीआई, आयकर और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन किया गया था। याचिका में आरोप था कि इस तरह से कानूनों में बदलाव करके दलों को बेहिसाब धन राशि एकत्रित करने का सरकार द्वारा सुनहरा अवसर दे दिया गया था। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश के लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होते हैं। इस खर्च में बड़ी धनराशि कालाधन और आवारा पूंजी होती है। आर्थिक उदारवाद के बाद यह बीमारी सभी दलों में पनपी है। न्यायालय में प्रस्तुत किए गए निर्वाचन आयोग और एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक 2017-18 में योजना शुरू होने से जनवरी 2024 तक 16,518.11 करोड़ रुपए के अधिक के निर्वाचन बॉन्ड बिके हैं। यह राशि सभी दलों को उनकी पहुंच और हैसियत के मुताबिक व्यापारियों ने दी है। साफ है, जब बड़े व्यापारिक घरानों से दलों को मोटी धनराशि मिलने लगी, तब से दलों में जनभागीदारी निरंतर घटती चली जा रही है। मसलन कॉरपोरेट फंडिंग ने ग्रास रूट फंडिंग का काम खत्म कर दिया है। इस वजह से दलों में जहां आंतरिक लोकतंत्र समाप्त हुआ, वहीं आम आदमी से दूरियां भी बढ़ती चली गईं। दल आम कार्यकर्ताओं की बजाय धनबलियों को उम्मीदवार बनाने लग गए। नतीजतन लोकसभा और विधानसभाओं में पूंजीपति जनप्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों की घोषित संपत्ति 10 हजार करोड़ रुपए (एक खरब) से भी अधिक है। अतएव अदालत ने निर्वाचन बॉन्ड को खत्म करके राजनीतिक दलों को आमजन तक फिर से पहुंचने के लिए सबक सिखाने का काम किया है।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# नशा पूरी मानवता के लिए एक अभिशाप: राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, देहरादून शाखा से ब्रह्माकुमारी प्रजापिता के ''नशा मुक्त भारत अभियान'' का उत्तराखंड में शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संगठन द्वारा समाज हित के लिए नशा मुक्ति का जो संकल्प लिया है वह सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिसका प्रभाव न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर होता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और देश के विकास पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है यह पूरी मानवता के लिए एक अभिशाप है। उन्होंने कहा कि व्यसन और नशे की लत न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, अपितु मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। इसलिए समाज को नशे से मुक्ति दिलाने के लिए हम सभी के द्वारा मिलकर प्रयास किए जाने चाहिए।राज्यपाल ने कहा कि कई युवा बुरे व्यसनों की लत का शिकार होकर अपना भविष्य तो बर्बाद कर ही रहे हैं, इसके साथ ही गुनाह की राह पर भी आगे बढ़ रहे हैं जो हमारे लिए चिंता का विषय है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नशे के आदी लोगों को, खासकर युवाओं को सही राह दिखाकर उन्हें नया जीवन देने के लिए पूरा समाज इस दिशा में जिम्मेदारी से सामूहिक प्रयास करें। ब्रह्माकुमारीज संगठन ने समाज में बदलाव लाने के लिए बहुत से कार्य किए हैं। चाहे वह नशा मुक्त अभियान हो या स्वच्छता अभियान या जल संरक्षण अभियान संगठन ने समाज में जागरूकता फैलाने में योगदान दिया है। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष ब्रह्माकुमारी मंजू ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राजयोगी डॉ. बनारसी लाल, ब्रह्माकुमारी मीना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# पंखे से लटका मिला युवक का शव

बाजपुर। नगर के मोहल्ला पहाड़ी कॉलोनी में एक युवक संदिग्धावस्था में पंखे के कुंडे पर लटका मिला। शुक्रवार दोपहर शहर के मोहल्ला पहाड़ी कॉलोनी निवासी मनबोध का बेटा दिनेश (27) उर्फ राहुल कमरे में साड़ी से पंखे कुंडे पर लटका मिला। इस दौरान परिजन बाहर गए थे। घर में बुजुर्ग दादी थी। घर आए पड़ोस के एक युवक ने दिनेश को कमरे में लटका देखा। उसे अचेतावस्था में उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसएस आई जसबीर सिंह चौहान, एसआई देवेंद्र मनराल मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक नशे का आदी था। कुछ दिन पहले उसने घर का सामना बेचने की कोशिश की थी। सभासद जगजीत सिंह ने बताया कि दिनेश की अभी शादी नहीं हुई थी।

# गेहूं की फसल में रतुआ (गेरुई) रोग लगने की संभावना

नैनीताल। मौसम की अनुकूलता को देखते हुए वर्तमान में गेहूं की फसल में रतुआ (गेरुई) रोग लगने की संभावना है। मुख्य कृषि अधिकारी वी के यादव ने काश्तकारों को फसलों में रोग के लक्षण और रोकथाम की जानकारी देते हुए बताया कि पौधों की पत्तियों में गाढ़े भूरे रंग के निशान, पीले रंग के कतारों में व्यवस्थित होने पर फसलों में रतुआ (गेरुई) रोग के लक्षण होते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर प्रोपिकोनाजोल (सिस्टमैटिक फंगीसाइड जो कि पौधे के पत्तों सिस्टमैटिक तरीके से पौधे को बीमारियों से बचाता है) 25 प्रतिशत ईसी 200 मिली एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें और संबंधित जानकारी के लिए, निकटतम न्याय पंचायत, विकासखंड स्तरीय कृषि कार्यालय या कृषि निवेश केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं।

# मौसम विभाग का अलर्ट जारी

हल्द्वानी। मौसम विभाग, देहरादून से जारी पूर्वानुमान के अनुसार जनपद नैनीताल में जारी पूर्वानुमान के अनुसार जनपद में 19 फरवरी 2024 से 21 फरवरी तक कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के संभावना को देखते हुए मौसम विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी नैनीताल फिंचाराम चौहान ने बताया कि वर्तमान में जनपद के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं मध्यम वर्षा, शीत लहर के साथ साथ पाले की संभावना है। इसके अलावा अतिवृष्टि/ओलावृष्टि/हिमपात से संभावित क्षति एवं मार्ग बाधित होने तथा संवेदनशील नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं आदि से तत्परता से निपटने हेतु जनपद के समस्त संबंधित अधिकारी अलर्ट पर रहेंगे तथा क्षेत्र में तैनात अधीनस्थ समस्त कार्मिक संसाधनों सहित तैयार रहेंगे। यातायात बाधित होने की दृष्टिगत पेड़ों के त्वरित निस्तारण के साथ सतर्कता बनाए रखने हेतु अलर्ट पर रहेंगे।

# लकड़ी बीनने गई कलावती को बाघ ने बनाया निवाला, ग्रामीणों में दहशत



रामनगर(उद संवाददाता)। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में ढेला रेंज में शनिवार को पंजाबपुर गांव की महिला को बाघ ने मार डाला। महिला की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों की ढेला रेंजर से धक्का-मुक्की हो गई। वन्यजीवों के बढ़ते आतंक से गुस्साए ग्रामीणों ने तीन घंटे तक हंगामा किया। इस वर्ष बाघ के हमले से मौत की यह तीसरी घटना है। ढेला रेज के पंजाबपुर गांव की कलावती उर्फ कला देवी (50) पुत्री ध्यान सिंह माता-पिता के साथ रहती थी। शनिवार दोपहर एक बजे वह गांव की तीन अन्य महिलाओं के साथ लकड़ी और घास लेने जंगल में गई थी। वहां बाघ ने उस पर हमला कर दिया। बाघ उसे करीब दो किलोमीटर तक जंगल में घसीटता ले गया। अन्य महिलाओं के शोर मचाने पर बाघ ने दहाड़ मारी तो महिलाएं घबरा गई और गांव आकर अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। वन कर्मचारी और ग्रामीणों ने महिला के शव को खोजने के लिए जंगल में सर्च अभियान चलाया। काफी देर बाद महिला का शव जंगल में लहूलुहान हालत में मिला। इसके बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत सहित अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। सांसद प्रतिनिधि ने वन विभाग को 48 घंटे का समय देते हुए कहा कि यदि बाघ नहीं पकड़ा गया है तो वे ढेला गेट पर धरना देंगे। बताया जा रहा है कि कलावती ने कई वर्ष पहले कंडी मार्ग को लेकर किए आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाई थी। ग्रामीणों को समझाने पहुंचे रेंजर अजय ध्यानी के साथ गुस्साए लोगों ने धक्का मुक्की तक कर दी। ग्रामीणों का कहना था कि लंबे समय से क्षेत्र में बाघ का आतंक है लेकिन विभाग उसे पकड़ नहीं पा रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं। ग्राम ढेला और सांवल्दे में बाघ के हमले की यह चौथी घटना है। ग्रामीणों ने वन कर्मचारियों को महिला का शव नहीं उठाने दिया। ग्रामीण मौके पर ही बाघ को गोली मारने की मांग पर अड़ गए। हालांकि किसी तरह रेंजर ने ग्रामीणों को समझाया।

# विधानसभा के हर का होगा विकास: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा किच्छा के अंतर्गत् विभिन्न गाँवों में कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक निधि से निर्मित इन 7 विकास कार्यो की कुल लागत 24.40 लाख है। इसके तहत ग्राम रामनगर में हाईवे से उद्घाटन किये गये। इससे पूर्व समस्त क्षेत्रवासियों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का उनके अपने-अपने गांव में पहुंचने पर फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया तथा विधायक बेहड़ का विकास कार्य कराये जाने हेतु धन्यवाद किया।इस अवसर पर बेहड़ ने कहा कि आवश्यक निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने में लगतार प्रयासरत हूं। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नागेश त्रिपाठी, जियाउल रहमान, राजेंद्र दास, राजेन्द्र सिंह, हरविंदर सिंह, तीरथ मुंजाल, प्रतीक शाही, सुरेश कुमार, मदन मोहन शर्मा, शरीफ हाजी, एजाज



नागेश त्रिपाठी के घर तक सड़क लागत 5 लाख, ग्राम मलसा गिरधरपुर में शमशान घाट का सौन्द्रियकरण कार्य लागत 5 लाख, ग्राम चकोनी में बारात घर का निर्माण कार्य लागत 5 लाख, ग्राम कच्ची खुमरिया में तीन सड़कों की लागत 4.80 लाख, ग्राम नोगमा में शरीफ एहमद के घर तक सी०सी० सड़क लागत 4.60 लाख निर्माण कार्यों के अपनी विधानसभा के हर कोने तक विकास करा सकूं मैं इस लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहा हूँ और मुझे इन दो वर्षों में काफी सफलता भी मिली है आगे आने वाले 3 साल और भी अधिक विकास करायूँ ऐसा मेरा प्रयास है गांववासीयों द्वारा मुझे जो सार्वजानिक तौर पर विकास कराने के लिए कहा जाता है वे कार्य मेरी प्रथिमकता में रहते है इसके अलावा भी मलिक, रणजीत सिंह, मुस्ताक एहमद, दिनेश सिँह, हरीश कुमार, झंडा राम, परमजीत सिँह, जमील एहमद, राजकुमार बत्रा, शुभम सुखीजा, त्रिलोक चुग, ज्ञान चंद सुखीजा, राजेश लोहिया, सतनाम चुघ, अशोक भुसरी, रामपाल, छतर पाल, रफीक एहमद, इमरान मलिक, अयूब एहमद, शरीफ पेंटर, हफीज एहमद, बधहुल कमर आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने कच्ची शराब समेत दो और तस्करों को किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में गश्त रही पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के एक और तस्कर को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 52 पाउच जहरीली कच्ची शराब बरामद दिया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में जानकारी मिली है कि रोजाना की भांति कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ईदगाह गेट के पास से मोहल्ला अल्ली खां निवासी चंद्रपाल पुत्र स्वर्गीय छुट्टन को संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 52 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। वहीं आईटीआई थाना पुलिस ने दभौरा टांडा की ओर जाने वाले मार्ग पर बरखेड़ी बारात घर के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए ग्राम बड़ी बरखेड़ी थाना आईटीआई निवासी हरगोविंद सिंह पुत्र मनता सिंह को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

# तमंचा कारतूस सहित शातिर चोर दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)।सक्रिय अपराधियो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के अभियान में पुलिस ने देर रात्रि सघन चैकिग के दौरान बहेडी बार्डर पुलभट्टा के पास मो0 हसनैन पुत्र नशरुद्दीन निवासी चाठो पिललिया थाना बहेडी बरेली को 315 बोर तमंचा और तीन जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया।



पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशा करने का आदी है। नशा पूर्ति हेतु चोरियां करता है। लोगों को डराने के लिए अपने पास तंमचा व कारतूस रखता है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उपनिरीक्षक धीरज वर्मा, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिंह, का0 महेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

# महाविद्यालय के 13 विद्यार्थियों को मिली मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृति

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविधालय के 13 छात्र-छात्राओं मुख्यमंत्री मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृति के तहत चयन हुआ है। जानकारी देते हुये महाविद्यालय की प्राचार्य अंजला दुर्गापाल ने बताया कि मुख्यमंत्री मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृति योजना के तहत 13 छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से प्राथम किस्त के रूप में 183000 रूपये की धनराशि का भुगतान कर दिया गया है। इस योजना में प्रथम स्नातक, द्वितिय एंव तृतीय वर्श के कला एंव विज्ञान संकाय में प्रथम, द्वितिय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विधार्थियों को छात्रवृति दी गई है। महाविधालय की प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये कठीन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार



शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शक्तिफार्म पुलिस ने कृष्णा विश्वास पुत्र आनंद विश्वास निवासी बैकुंठपुर न. 6 हाल निवास टैगोर नगर न० 4 शक्तिफार्म को एक रामपुरी चाकू के साथ टाइल्स रोड सुरेन्द्र नगर को जाने वाली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी कॉस्टेबल भारत भूषण आदि थे।

# कच्ची शराब सहित दो गिरफ्तार

काशीपुर/नानकमत्ता। कुंडेश्वरी पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान अवैध कच्ची शराब के एक तस्कर को दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से 40 लीटर जहरीली कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान उसने भट्टा कॉलोनी में एक दुकान के पास से संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए दोहरी वकील कुंडेश्वरी निवासी हरबंस सिंह उर्फ वंशु पुत्र लाल सिंह को शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार



शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। वहीं **नानकमत्ता** पुलिस ने भी गश्त के दौरान एक युवक को 50 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जब पुलिस गस्त करते हुए आमखेडा शिव मन्दिर के पास पहुंची तो मुखबिर द्वारा पुलिस की गाड़ी रुकवाकर बताया कि एक व्यक्ति आमखेडा से विधईया की ओर जाने वाले रास्ते पर शराब की ट्यूब लिये बैठा है, आमखेडा बार्डर से विधईया जाने वाली कच्ची सडक को गये तो देखा एक व्यक्ति अपने दाहिने हाथ में एक काले रंग की ट्यूब पकडा है। शक होने पर हम पुलिस वालों द्वारा इसे वही पर पकड लिया। इस पकडे आदमी से नाम पता पूछते हुए जामा तलासी ली तो इसने अपना नाम फुम्मन सिंह पुत्र जीत सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी प्रतापपुर जोगीढेर थाना नानकमत्ता जिला ऊ0सि0 नगर बताया।

## पेज एक का शेष...

**भू कानून और मूल निवास..**कर रही है। अतिक्रमण के बहाने पहाड़ी क्षेत्रों में कई लोगों की दुकानें और मकान तोड़े गए, वहीं अवैध बस्तियों को हटाने के बजाय उन्हें राहत देते हुए रातों-रात अध्यादेश लाया गया। सरकार के दोहरे चरित्र को जनता समझने लगी है। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड की अस्मिता तभी बचेगी, जब मूल निवास और मजबूत भू कानून लागू होगा। डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद मूल निवास 1950 लागू न होना भाजपा सरकार को सवालों के घेरे में लाती है। कहा कि सरकार जनता की हितैषी है तो विधानसभा में मूल निवास 1950 का विधेयक पारित करे। मूल निवास न होना सभी समस्याओं की जड़ है। आज बाहर के लोग हमारे संसाधनों को लूट रहे हैं। इसके लिए राष्ट्रीय दलों की नीतियां जिम्मेदार हैं।

**पेपर मिल के गोदाम...**सूचना मिलते ही रुड़की से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि काबू पाया नहीं जा सका। इस पर जिले से करीब नौ दमकल की गाड़ियां मौके पर बुलाई गई, जिसके बाद करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही मंगलौर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। मंगलौर सीओ विवेक कुमार ने बताया कि आग के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है। अग्निकाण्ड में करीब एक करोड़ से अधिक की क्षति का अनुमान है।

**मुआवजे के लिए...**दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि फैक्ट्री स्वामी ने उन्हे 4 लाख रूपये मुआवजा देने को कहा था लेकिन नहीं दिया। मृतक संजीत का शव आज यहां पहुंचेगा। यदि उन्हें मुआवजा नहीं दिया गया तो वह फैक्ट्री के आगे धरना शुरू कर देंगे। मृतक की 6 पुत्रियां व एक पुत्र है। जिनके भरण पोषण की जिम्मेवारी उन पर आ गई है। धरना देने वालों में मिथुन यादव, गौरख यादव, रणवीर यादव, विकास ठाकुर, सुनील यादव, मीना देवी, शोभा देवी, निधन देवी, रीना, नमिता, सोनी, सरोज व श्यामली आदि शामिल थे।

**धूमधाम से हुआ ...**का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। गौरतलब हो कि लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे जोड़ों का विवाह कराया जाता है जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। सामूहिक विवाह में कई संस्थाओ ने अपना सहयोग दिया। जिनमें श्री खाटू धाम सेवा समिति ट्रांजिट कैंप, श्री बालाजी मंडल सेवा समिति, सुंदरकांड महिला मंडल आवास विकास, गायत्री परिवार, अग्रवाल महासभा, जिंदगी जिंदाबाद टीम, गायत्री परिवार, योगी सेना शामिल है। इसके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित होकर संस्था के सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ, संरक्षक दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, संयोजक संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास बंसल, जागृति ट्रस्ट के अमित राठौर, सुरेंद्र गुप्ता, अशोक कुमार, कमलदीप सोनकर, विकास आर्य, राज कोली, रागिनी, ममता त्रिपाठी, शिवकुमार शिबू, सनी पासवान, राजीव कुमार ने भी अपना सहयोग दिया। व्यवस्था प्रमुख श्री चुघ एवं आयोजकों ने वर वधू के परिजनों को बधाई देते हुए इस सामूहिक विवाह में पहुंचने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**ये जोड़े बंधे ...**यहीं के निवासी रवि से, रूद्रपुर निवासी मीनाक्षी का आगरा निवासी ध्रुव से, रूद्रपुर निवासी शालू का आगरा निवासी अभिषेक से, रूद्रपुर निवासी मोहन कुमार का यहीं की निवासी ज्योति से, रूद्रपुर निवासी आकाश का बरेली निवासी पलक से, बरेली निवासी चन्द्रकली का यहीं के निवासी रजनीश से, बाजपुर निवासी देवेन्द्र सिंह का रूद्रपुर निवासी किरन कौर से, नानकमत्ता निवासी जसविन्दर सिंह का रूद्रपुर निवासी करनवीर कौर से, नवाबगंज निवासी संजीव कुमार का पिथौरागढ़ निवासी प्राची आर्या से, नवाबगंज निवासी नरेन्द्र गंगवार का यहीं की निवासी हेमलता से, इलाहा बाद निवासी रेखा गुप्ता का नवाबगंज निवासी विकास से, मुजफ्फरपुर निवासी कृष्ण कुमार का पीलीभीत निवासी पुष्पा देवी से, शाहजहांपुर निवासी सोनू का रामपुर निवासी डिम्पल से, बरेली निवासी धर्मेन्द्र का रामपुर निवासी ज्योति से, रामपुर निवासी मोनू कुमार का रूद्रपुर निवासी पूनम से, बरेली निवासी नितिन का पीलीभीत निवासी रजनी से, रूद्रपुर निवासी आकाश का रामपुर निवासी संजना से, रूद्रपुर निवासी समरेश का यहीं की निवासी गौरी से, पीलीभीत निवासी आनन्द स्वरूप का रूद्रपुर निवासी संध्या देवी से, किच्छा निवासी गणेश का यहीं की निवासी सुमन से, पीलीभीत निवासी अवनीश कुमार का रूद्रपुर निवासी काजल से, रामपुर निवासी छुट्टन का रूद्रपुर निवासी सपना से, बरेली निवासी रवि शंकर का रूद्रपुर निवासी आरती से, बरेली निवासी चन्द्रपाल का रूद्रपुर निवासी मीना से, नैनीताल निवासी सोनू का मैनपुरी निवासी दीक्षा से, रूद्रपुर निवासी सुरेन्द्र का यहीं की निवासी रामदुलारी से, रूद्रपुर निवासी अर्जुन का किच्छा निवासी आरती से, बरेली निवासी रामअवतार का यहीं की निवासी रेखा से, बिजनौर निवासी रवि कुमार का बरेली निवासी शशि से विवाह सम्पन्न हुआ।

**दहेज में 5 लाख ..**मेडिकल भी कराया है। जिसकी सूचना थाना डिडौली, में दर्ज करायी। बताया कि ससुराल वालों ने इलाज नहीं कराया तो वह ईलाज करवाने के लिये मायके आ गई। 21 अक्टूबर 23 को ससुराल पहुंची तो धक्के देकर घर से निकाल दिया। दहेज की मांग पूरी होने पर ससुराल में आना। पीड़िता ने ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई को 23 नवंबर 23 को एसएसपी को शिकायती पत्र भेजा। कार्रवाई नहीं होने पर उसे कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच की जा रही है।

**ग्राहक सेवा केंद्र...**रखी है। जिसमें ऑनलाइन कार्य एवं आधार कार्ड, फोन पे, गूगल पे से धनराशि निकालने/ट्रांसफर करने का भी कार्य करता है। उसकी दुकान पर मोहल्ले का ही एक युवकअकसर आता जाता और उसके काम में सहयोग करता था। परन्तु उसने उसके मोबाइल को कई बार मांग कर वर्ष 2020 से अब तक लगभग एक लाख त्रिनवे हजार रूपये का विभिन्न लोगों को ट्रांजेशन कर धनराशि निकाल ली। इस बात की जानकारी उसे हुयी तो उस युवक ने अपना गुनाह कबूल करते हुए निकाली धनराशि वापिस करने की बात कही। विपिन का आरोप है कि उस युवक ने पुनः उसके साथ विश्वासघात करते हुए धोखे में रखकर एक स्टाम्प पेपर पर मामले को रफा दफा लिखवाकर उससे हस्ताक्षर करवा लिये। युवक ने उसके साथ धोखाधड़ी एवं ठगी कर धनराशि हड़पने का प्रयास किया है। रुपए वापस मांगने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

पंखे ही पंखे
होल सेल की आपकी अपनी दुकान, एक बार सेवा का मौका अवश्य दे
सबसे कम दामों पर ब्रान्डेड कम्पनियों के इलेक्ट्रिकल्स सामान का वादा
कूलर ही कूलर
STAR SALES CORPORATION
श्री सिद्धेश्वर बाला जी मन्दिर वाली रोड, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर मो- 9927753000, 9897753000
Wholesale & Retail
Prop. Vibhor Bathla
Wire & Cable
Switch Gear
Fans
Lighting
Appliances
Pvc Pipes & Conduits
Domestic Electrical Fitting
Industrial Electrical Fitting
All Electrical Accessories
POLYCAB ANCHOR Crompton V GUARD SYSKA ACCESSORIES HAVELLS wipro GreatWhite orient electric SURYA USHA


# बनभूलपुरा हिंसा में अब तक 58 गिरफ्तार

## हल्द्वानी हिंसा में बड़ी कार्रवाई: तीन वांटेड उपद्रवी समेत 14 और गिरफ्तार, पैट्रोल बम और लूटी गई मैगजीन बरामद





हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी हिंसा मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बहुउद्देशीय भवन में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुर्की किए गए तीन नामजद फरार अभियुक्त सहित 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि उपद्रवियों के पास से पैट्रोल बम और लूटी गई मैगजीन भी बरामद की गई है। बता दें कि, नैनीताल पुलिस ने अब तक 58 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा में हुए उपद्रव में शामिल 14 और आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पेट्रोल बम तैयार करने से लेकर एसओ की गाड़ी फूंकने वाले और पीएसी के जवान की मैगजीन लूटने वाले भी शामिल हैं। इसके अलावा तीन नाम वह भी शामिल है, जिन्हें वांछित करार देने के साथ शहर में इनके पोस्टर भी चस्पा किए गए थे। शनिवार शाम प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि बनभूलपुरा मामले में दो प्राथमिकी पुलिस और एक नगर निगम की तरफ से दर्ज कराई गई थी। 44 लोग पहले गिरफ्तार किए गए थे। वहीं, 14 लोग अब गिरफ्तार किए गए हैं। इससे अब तक गिरफ्तार हुए लोगों की संख्या 58 हो गई है। गिरफ्तार उपद्रवियों में शकील अंसारी निवासी इंदिरानगर बड़ी मस्जिद के पास, मोकिन सैफी निवासी शहजी मस्जिद नजदीक गौजाजाली, जियाउल रहमान निवासी सरताज कबाड़ी लाइन नंबर आठ, ारिक सिद्दीकी निवासी ताज मस्जिद के पीछे नई बस्ती, मोहम्मद दानिश निवासी लाइन नंबर 14 वार्ड नंबर 23, मोहम्मद फैजान निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 26, सलीम मिकरानी निवासी लाल स्कूल के पास वार्ड 25, शहजाद उर्फ छोटा निवासी दुर्गा मंदिर इंदिरानगर, अब्दुल रहमान निवासी नई बस्ती काबी मस्जिद के पास, मोहम्मद इमरान निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 36, हैदर निवासी मलिक का बगीचा वार्ड नंबर 31, जावेद उर्फ फिसड्डू निवासी नई बस्ती, गुड्डू वारसी उर्फ टीन निवासी बड़ी मस्जिद के पीछे इंदिरानगर, फहद निवासी लाइन नंबर दस आजाद नगर आदि शामिल हैं। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार हुए शकील अंसारी, मोकिन सैफी और जियाउल रहमान पुलिस की वांछित सूची में भी शामिल थे। वहीं, शारिक और मो. दानिश ने पीएसी के जवान की मैग्जीन छीनी थी। इनके कब्जे से मैगजीन भी बरामद हुई है। फैजान नाम के युवक के घर से चार पेट्रोल बम भी मिले हैं। फैजान और शहजाद ने उपद्रव के दौरान एसओ मुखानी की सरकारी गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगाई थी। गिरफ्तार शकील अंसारी नगर निगम का निवर्तमान पार्षद है, जबकि मोकिन सैफी यूथ कांग्रेस में हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष था। हालांकि संगठन ने निष्कासित कर दिया है। वहीं दो निवर्तमान पार्षद जिशान परवेज और महबूब आलम पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं। वार्ता के दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और एसपी हरबंस सिंह मौजूद थे।

Guru Maa Advanced Dental Care
गुरु माँ एडवांस डेन्टल क्लीनिक
WORLD-CLASS DENTAL CARE NOW IN YOUR CITY
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डेन्टल इम्प्लांट
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज
invisalign

डॉ. आँचल ढींगरा
बी.डी.एस, एम.डी.एस. एंडोडोन्टिस्ट
रुट केनाल स्पेशलिस्ट, कॉस्मेटिक डेन्टीस्ट
सर्टिफाइड एस्थैटिक डैन्टिस्ट
Guru Maa Advanced Dental Care
"A Multi Speciality Dental Clinic"
प्लॉट नं 1, सिविल लाइन्स, रुद्रपुर | 7452880018, 05944-245666